प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. 17वें राष्ट्रीय रोज़गार मेले के तहत आज लखनऊ, वाराणसी समेत देशभर में 51 हजार से अधिक नव नियुक्तों को सौंपे गये नियुक्ति पत्र : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम हैं रोज़गार मेले।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना वृद्धि का लिया निर्णय : मुख्य अभियंता अब 10 करोड़ रुपये तक के कार्य की दे सकेंगे स्वीकृति।
3. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज गाजियाबाद में नए सीजीएसटी भवन का किया उद्घाटन : कहा— करदाताओं की सुविधा के लिये जीएसटी सेवा केंद्रों पर होगी पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती। और
4. चार दिवसीय छठ पर्व कल से नहाय खाय के साथ होगा शुरू : प्रदेशभर में नदियों के घाटों पर बिजली, स्वच्छता और सुरक्षा के किये गये विशेष प्रबंध।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेले

के दौरान श्री मोदी ने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत योजना की भी शुरुआत की। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियान युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। बाइट....

*स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियानों के जरिए युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहीं साथ ही नेशनल करियर सर्विस प्लेटफार्म जैसे इनीशिएटिव उन्हें नए अवसरों से भी जोड़ रहे हैं। इसके माध्यम से अब तक 7 करोड़ से अधिक वैकेंसीज इसकी जानकारी युवाओं को दी जा चुकी है।*

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल लखनऊ से वर्चुअली शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने 2022 में मिशन रोजगार शुरू किया था, उस समय हमने 10 लाख नौकरी देने का लक्ष्य रखा था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार लक्ष्य से आगे निकल चुकी है। बाइट.....

*हमने मिशन मोड पर काम किया और रोजगार सृजन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पक्की सरकारी नौकरी देश के युवाओं को सौंपने का काम किया है और यह रोजगार मेला महज एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत सरकार की रोजगार सृजन के प्रति प्राथमिकता को एक प्रतीक के रूप में यह रोजगार मेला की पहली है।*

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण

विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। बाइट....

*मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत का जो नारा दिया है, मैं उम्मीद करता हूं कि ईमानदारी, लगन और अपनी निष्ठा से यह सब जो लोग आज नित्य प्रमापत पाए हैं, वह काम करेंगे और विकसित भारत में अपनी अहम भूमिका निभाने का काम करेंगे।*

आगरा में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। बाइट....

*सैन्य अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र दिया गया। उसके प्रति बधाई और शुभकामनाएं देना चाहूंगा और प्रधानमंत्री का धन्यवाद देना चाहूंगा कि जो भी चयन अभी तक हुए हैं 17 रोजगार महिला में 100 प्रतिशत मेरिट के आधार पर हुए हैं।*

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। लखनऊ के सिद्धांत दुबे ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया बहुत ही पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है। बाइट......

*पूरी प्रक्रिया के तहत जो हमारी नियुक्ति हुई है, बहुत पारदर्शी रूप में हुई है। सरकार ने जो रोजगार के लिए हमें अवसर प्रदान किए हैं, उसके तहत हम उनका सरकार का और विशेषकर माननीय हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करते हैं।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में सरकार ने

विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पाँच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। नई व्यवस्था में मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ रुपये के स्थान पर 10 करोड़ रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा।

——————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी परिषद ने जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सहज और अधिक पारदर्शी बनाने के उपायों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड और केंद्रीय वस्तु तथा सेवा कर क्षेत्रीय संरचनाओं द्वारा अगली पीढ़ी के कर सुधारों की गति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वित्त मंत्री ने आज गाजियाबाद में नए सीजीएसटी भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश भर के जीएसटी सेवा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, सुगम्यता और उचित रख–रखाव सुनिश्चित किया जाएगा ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सहायता मिल सके।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा सहित देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राज्यों के प्रदर्शन का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु अग्रणी रहे।

——————

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों से कृषिक्षेत्र और किसानों को भी लाभ हो रहा है। जौनपुर के किसान राजेश पांडे ने बताया कि कृषि यंत्रों पर जीएसटी कम होने से खरीदारी आसान हुई है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। बाइट.....

*जीएसटी कम करके किसानों को काफी फायदा पहुंचाया है। जीएसटी जो पहले कृषि यंत्रों पर 12: थी, अब 5: हो गई है। इससे काफी किसान लाभान्वित हुए हैं।*

———————————

लोक आस्था के चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत कल से नहाय खाय के साथ होगी। इसको लेकर प्रदेश भऱ में व्यापक तैयारी की जा रही है। नदियों के घाटों और तालाबों पर जगह जगह बेदियां बनाई जा रही हैं। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था को अंतिम रुप दिया जा रहा है। लखनऊ के लक्ष्मण मेला घाट पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घाटों पर स्वच्छता और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त श्री शर्मा ने पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। वाराणसी में भी छठ पूजा को लेकर इंतजाम किए जा रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट......

*लौकिक जगत के प्रत्यक्ष देव, संपूर्ण सृष्टि के ऊर्जा के स्त्रोत भगवान सूर्य की चार दिवसीय उपासना का लोक महापर्व डाला पष्ठी का शुभारंभ शनिवार को नहाय–खाय के साथ होगा। पूरे दिन पूरी शुद्धता के साथ व्रत रखकर व्रती महिलाएं पूजा  का प्रसाद बनाएंगी व सायंकाल लौकी, चावल, चने की दाल, घी, सेंधा नमक व रोटी खाकर अगले दिन रविवार को खरना के साथ 36 घंटे तक निर्जल व्रत का संकल्प लेंगी। मंगलवार को चौथे दिन उदय होते सूर्य को अर्घ्य के पश्चात व्रत का समापन होगा। वाराणसी के समस्त घाटों के अलावा सरोवरों और कुंडो पर इसके लिए तैयारियां पूर्ण की जा रही है घाटों की साफ सफाई के*

*साथ बेदी का बनना शुरू हो गया है और लोग अपने स्थान को आरक्षित करने लगे हैं मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————————

**छठ पर्व को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे आज से अगले चार दिन तक प्रतिदिन औसतन 300 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा हैं। ये रेलगाड़ियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जा रही हैं। एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक देशभर में बारह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर रेलवे की तरफ से आज 45 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने आज 10 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई। चंदौली में डीआरएम ऑफिस में 24 घंटे निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में एक अलग वॉररूम बनाया गया है। वाराणसी में रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिये अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाये गये हैं। बाइट....**

*कम से कम समय में लोगों को टिकट्स मिल जाए। इसके लिए हमने नॉर्मल काउंटर्स के अलावा कुछ मोबाइल काउंटर्स भी बनाए हैं ऐसे भीड़–भाड़ वाले स्टेशनों पर और उसके अलावा एक एटीवीएम कियोस्क मशीनें होती हैं जिस पर हमने कॉनकोर्स एरिया में लगाते हैं जो टिकट विंडो के आस–पास और अन्य जगहों पर होती है जहां से भीड़ आराम से टिकट ले सकेगी। तो यह सारे इंतजाम हम कर रहे हैं ताकि लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक सुरक्षित तरीके से और आसानी से लोग पहुंच सके।*

(समाप्त)